निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

दिनांक: 15.12.2021

संदेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षकवृंद, अधिकारीगण, कार्मिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन आज स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल बन गया है। यह हमारे शिक्षकों के अतुलनीय योगदान का ही परिणाम है कि स्कूली शिक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियों में केन्द्रीय विद्यालयों ने अलग पहचान बनाई है। कोरोना की चुनौतियों के बावजूद हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर शिक्षा की ज्योति को जगमगाए रखा और शैक्षणिक सत्रों में कोई बाधा नहीं आने दी।

एक बालक के जीवन के सबसे बहुमूल्य वर्ष विद्यालय में व्यतीत होते हैं। जीवन के इस प्रारंभिक चरण में 1248 केन्द्रीय विद्यालयों के माध्यम से 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण दायित्व हमारे शिक्षक पूरे समर्पण के साथ निभा रहे हैं। शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण और उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों में भारतीयता की भावना के साथ उनका सर्वांगीण विकास संगठन का एकमेव लक्ष्य है। स्कूली शिक्षा में विभिन्न गतिविधियों का समावेश उनमें नवीन आत्मविश्वास का सृजन करता है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के वर्तमान स्वरूप को गढ़ने में हमारे वर्तमान और पूर्व शिक्षकों ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया और दे रहे हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेवा एवं समर्पण का यह सफर इसी तरह निर्बाध जारी रहेगा।

अनेक मंगल कामनाओं सहित,

निधि पाण्डे

(निधि पांडे)
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन